झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

22 Oct 2025

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 22 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे भारत में समारोह आयोजित करने को मंजूरी दे दी हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की भूमिका को ध्यान में रखते हुए इसके 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया हैं। वंदे मातरम गीत की रचना 1870 के दशक में बंकिमचंद्र चटर्जी ने संस्कृत में की थी। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा द्वारा इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा किया गया था। 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में एक वक्तव्य दिया था, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले वंदे मातरम गीत को जन गण मन के समान सम्मान ओर दर्जा दिया जाएगा।
- पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी ओर भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरू के बीच बायोमास, विशेष रूप से धान के भूसे से हरित हाइड्रोजन उत्पादन पर एक पायलट प्रदर्शन परियोजना स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पीईडीए की सीईओ नीलिमा ओर आईआईएससी के इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर एनर्जी रिसर्च के प्रोफेसर एस. दासप्पा के बीच समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान किया गया। यह समझोता सरदार स्वर्ण सिंह राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान कपूरथला में जैव ऊर्जा अनुसंधान में हालिया प्रगति पर आयोजित 5वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दोरान किया गया।
- मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा उत्तर गुजरात के मेहसाणा में पहली बार वाइब्रेट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। सम्मेलन में कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन और ऑटोमोबाइल घटकों सहित प्रमुख क्षेत्रो पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह पहल प्राधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन के तहत वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन की सफलता को राज्य के सभी क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई है।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी 75 जिलो में स्वदेश मेलो का आयोजन किया गया हैं। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देना ओर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना हैं। यह पहल तीसरे उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले की सफलता के बाद शुरू की गई हैं। स्वदेश मेले उत्तर प्रदेश को एक आत्मनिर्भर ओर विकसित राज्य बनाने में मदद करने के लिए आयोजित किए गए है। ये मेले स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों ओर छोटे व्यवसायों के लिए एक मंच प्रदान करेंगे।
- भारत के जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय रेड लिस्ट रोडमैप ओर विजन 2025-2030 का शुभारंभ किया गया। इस पहल का शुभारंभ केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एशिया पैवेलियन में किया। यह रोडमैप प्रजातियों के आकलन ओर संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने के लिए तैयार किया गया था। मंत्री ने कहा कि यह योजना 2030 तक भारत की जैव विविधता संरक्षण रणनीति का मार्गदर्शन करेगी।
- विश्व व्यापार संगठन ने अगले वर्ष के लिए वैश्विक व्यापार वृद्धि का अनुमान घटाकर 0.5% कर दिया हैं। यह नया आकड़ा अगस्त में जारी 1.8% के उसके पूर्व अनुमान से काफी कम हैं। 2025 के लिए डब्ल्यूटीओ ने टैरिफ वृद्धि से पहले बढ़े हुए अमेरिकी आयात और एआई संबंधित वस्तुओं में वृद्धि के कारण अपने व्यापार वृद्धि अनुमान को पहले के 0.9% से बढ़ाकर 2.4% कर दिया हैं। यह अभी भी 2024 में देखी गई 2.8% वृद्धि से कम है।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम और पेपाल के बीच एक सहयोग की घोषणा की गई। इस साझेदारी के तहत, भारत का त्वरित भुगतान प्लेटफॉर्म पेपाल वर्ल्ड पर लॉन्च होने वाला पहला प्लेटफॉर्म होगा, जो दुनिया भर तमें भुगतान प्रणालियों ओर डिजिटल वॉलेट, को जोड़ने वाला एक वैश्विक प्लेटफॉर्म हैं। इस पहल की घोषणा ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में की गई, जिसमें भारत के बढ़ते डिजिटल भुगतान नेतृत्व पर प्रकाश डाला गया। पेपाल के सीईओ एलेक्स क्रिस ने कहा कि इसका लक्ष्य वैश्विक भुगतान प्रणालियों को निर्बाध ा रूप से जोड़ना है।
- पलाऊ ने पहले लाइव अंडरवाटर इंटरव्यू के साथ इतिहास रच दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महासागर संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। राष्ट्रपति सुरंगेल व्हिप्स जूनियर ने साक्षात्कार में पलाऊ का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ एस्टोनियाई ओलंपिक तैराक और महासागर समर्थक मेरले लिवांड भी मौजूद थे। उन्होंने लाईफाई टॉकिंग मास्क नामक एक विशेष उपकरण का इस्तेमाल किया। यह तकनीक लोगो को प्रकाश के माध्यम से ध्वनि संचारित करके पानी के भीतर बात करने की अनुमति देती है।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ओर अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी ने एक नई साझेदारी की हैं। उन्होंने अबू धाबी में आईयूसीएन विश्व संरक्षण कांग्रेस के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण पर मिलकर काम करने की उनकी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. हाल ही में लंदन स्थित डिजिटल वित कंपनी, रेवोल्यूट, अपने वैश्विक विस्तार के तहत कहां अपना भुगतान प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी ?**

(A) चीन (B) भारत

(C) अमेरिका (D) जापान

**(B)** कंपनी घरेलू ओर अंतर्राष्ट्रीय भुगतानों के लिए एक प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी। यह यूपीआई ओर वीजा के साथ साझेदारी के जरिए किया जाएगा। यह सेवा शुरूआत में प्रतीक्षा सूची में शामिल 3,50,000 उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी। बाद में इसे व्यापक जनता के लिए खोल दिया जाएगा। रेवोल्यूट का लक्ष्य 2030 तक भारत में 2 करोड़ उपयोगकर्ताओं तक पहुंचना है।



**2. हाल ही में बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के कौनसे चरण को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है ?**

(A) पहले (B) दूसरे

(C) तीसरे (D) चौथे

**(C)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी हैं। यह कार्यक्रम 2025-2026 और 2030-2031 के बीच लागू किया जाएगा, जिसे 2037-2038 तक छह साल के विस्तार के साथ लागू किया जाएगा। इसके लिए इसके लिए 1500 करोड़ का परिव्यय स्वीकृत किया गया है, जिसमें 1000 करोड़ डीबीटी से और 500 करोड़ वेलकम ट्रस्ट से होंगे।



**3. हाल ही में किस मंत्रालय ने तंबाकू पर अंकुश लगाने के लिए तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 शुरू किया है ?**

(A) शिक्षा मंत्रालय (B) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(C) उपरोक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** शिक्षा मंत्रालय ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से तंबाकू मुक्त पीढी को बढ़ावा देने के लिए तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 शुरू किया हैं। 60 दिवसीय राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य बच्चों ओर युवाओं को तंबाकू सेवन शुरू करने से रोकने, छोडने के इच्छुक लोगों का समर्थन करने ओर स्कूलों एवं संस्थानों में स्वास्थ्य एवं कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षित ओर सशक्त बनाना है।



**4. हाल ही में किस राज्य ने पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए समर्पित पर्यटन पुलिस इकाइयां शुरू की है ?**

(A) गुजरात (B) राजस्थान

(C) तेलंगाना (D) पंजाब

**(C)** तेलंगाना सरकार ने पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए समर्पित पर्यटन पुलिस इकाइयां शुरू की है, जिससे यह ऐसा करने वाला 15वां भारतीय राज्य बन गया हैं। हैदराबाद में राष्ट्रीय पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन संस्थान में पहले बैच के 80 कर्मियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ हैं। इन इकाइयों का उद्देश्य आध्यात्मिक, चिकित्सा ओर मनोरंजक स्थलों सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के अनुभव ओर सुरक्षा को मजबूत करना है।




**5. हाल ही में किसने डिजिटल मुद्रा के लिए रिटेल सैंडबॉक्स लॉन्च किया है ?**

(A) SBI (B) RBI

(C) NPCI (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा के लिए एक खुदरा सैंडबॉक्स लॉन्च किया है, जो फिनटेक कंपनियों को नए डिजिटल रूपया समाधानों को विकसित करने ओर उनका परीक्षण करने की अनुमति देगा।

**6. हाल ही में किस राज्य सरकार ने औषधि निरीक्षकों को औषधि रसायनों के निरीक्षण का अधिकार दिया है ?**

(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र

(C) उत्तराखंड (D) उत्तरप्रदेश

**(D)** हाल ही में उत्तर प्रदेश ने औषधि निरीक्षकों को दवाओं ओर सिरप निर्माण में प्रयुक्त रसायनों की गुणवता नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण का आदेश दिया हैं। राज्य सरकार ने निरीक्षकों को मिलावटी या नकली दवाइयां बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अधिकार दिया है।



**7. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्टिवल का तीसरा संस्करण कहां शुरू हुआ है ?**

(A) पणजी (B) मुंबई

(C) बेंगलुरू (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** यह आयोजन समावेशिता ओर दिव्यांगजनो के योगदान को मान्यता देने पर केंद्रित हैं। डॉ. अठावले ने कहा कि सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षो में सभी समुदायों के विकास को बढ़ावा दिया है। इसमें दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, अनूसुचित जाति ओर अनुसूचित जनजातियां शामिल हैं। यह दिव्यांगजनों के लिए भारत का पहला समावेशी और अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव है।




**8. हाल ही में किसने अपना आधिकारिक ईमेल Zoho Mail पर स्थानांतरित किया है ?**

(A) द्रौपदी मुर्मू (B) राजनाथ सिंह

(C) नरेंद्र मोदी (D) अमित शाह

**(D)** हाल ही में सांकेतिक ओर प्रभावशाली कदम के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की कि उन्होंने अपना आधिकारिक ईमेल Zoho Mzil पर स्थानांतरित कर दिया हैं। यह कदम तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सरकार की पहल के अनुरूप है, और यह ऐसे समय में आया है जब अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव बढ़ रहे हैं।




**9. हाल ही में जारी NCRB रिपोर्ट के अनुसार कौन चौथे साल भारत का सबसे सुरक्षित शहर बना है ?**

(A) चेन्नई (B) कोलकाता

(C) अहमदाबाद (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार कोलकाता लगाता चौथे वर्ष भारत का सबसे सुरक्षित शहर बनकर उभरा हैं। यह डेटा अहमदाबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, गाजियाबाद, हैदराबाद ओर सूरत जैसे 19 महानगरीय शहरों पर दर्ज किया गया था।



**10. हाल ही में किसने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाला है ?**

(A) शिरीष चंद्र मूर्मू (B) अपूर्व शाह

(C) कल्याण कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में भारत सरकार ने शिरीष चंद्र मूर्मु को भारतीय रिजर्व बैंक के नए डिप्टी गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया है। वे एम. राजेश्वर राव का स्थान लिए। शिरीष चंद्र मुर्मू जो वर्तमान में RBI में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत है, को तीन वर्षो की अवधि ा के लिये इस पद पर नियुक्त किया गया है।

